बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार एवं सरकार के विभिन्न विभागों से अलग–अलग सेवाओं/संवर्गो के लिए प्राप्त रिक्तियों के आलोक में एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विभिन्न विभागों से 1230 पदों की रिक्ति प्राप्त हुई है।

एकीकृत 72वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के सभी पदों पर नियुक्ति करने हेतु विज्ञापन का प्रकाशन आयोग द्वारा किया गया है, जिसे आयोग के वेबसाईट https://bpsc.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निदेश निम्नवत् है:–

1.	ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करने की तिथि	दिनांक – 07.05.2026
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक – 31.05.2026

उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु दिशानिर्देश आयोग के वेबसाईट https://bpsc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित है।

अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत दिशानिर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

नोटः ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि उनके पास वांछित प्रमाण–पत्र/कागजात उपलब्ध हैं। उक्त परीक्षा की संभावित तिथि जुलाई माह है।

5/5/26

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना